| F–8725 |
|---|

| Sub. Code |
|---|
| 721H |

**U.G. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2023**

**Second Semester**

**Part I – Hindi**

**PROSE, GRAMMAR AND TRANSLATION**

**(CBCS – 2017 onwards)**

Time : 3 Hours                                        Maximum : 75 Marks

**Part A**                    $(10 \times 2 = 20)$

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उत्तर संक्षेप में हो।

1. प्रेमचन्द किस तरह 'प्रेमचन्द' बने?

2. 'नई संस्कृति की ओर' पाठ में लेखक ने किस समस्या पर विचार किया है?

3. 'घुमक्कड़ जिज्ञासा' हमारे लिए क्यों ज़रूरी है?

4. मोहन राकेश का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

5. 'दाँत' पाठ के द्वारा लेखक क्या कहना चाहते हैं?

6. लिंग बदलिए :–

   (a) सुनार                    (b) आदमी

   (c) बादशाह                  (d) बिल्ली

7. वचन बदलिए :-

(a) लड़का (b) किताब

(c) बहू (d) नदी

8. वचन किसे कहते झैं? उनके कितने भेद हैं? उदाहरण दीजिए।

9. लिंग किसे कहते हैं? उनके कितने प्रकार हैं? उदाहरण दीजिए।

10. कारक किसे कहते है? हिन्दी में कितने कारक है?

**Part B** (5 × 5 = 25)

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

11. (a) यदि वे नगरों में ही पलकर बड़े हुए होते, तो प्राकृतिक कवित्व उनसे बहुत दूर छूट जाता।

या

(b) 'गेहूँ तक आदमी और जानवर में भेद नहीं, गुलाब के कारण ही आदमी-आदमी बन पाया है'।

12. (a) कोई-कोई महिलाएँ पूछती है - क्या स्त्रियाँ भी घुमक्कड़ी कर सकती हैं, क्या उनको भी इस महाव्रत की दीक्षा लेनी चाहिए?

या

(b) सिर्फ़ चाय? गलत बात। ऐसे सुहाने मौसम में सूखी चाय नहीं पी जा सकती। हरगिज़ नहीं।

13. (a) यह वह अंग है, जिसमें पाकशास्त्र के छहों रस एवं काव्य-शास्त्र के नवों रस का आधार है।

या

(b) मगर जीजी, वह शीशी पन्द्रह रुपयेवाली थी और चौदह रुपयेवाली नहीं, इसका तुम्हें कैसे पता चला?

व्याकरण :-

14. (a) सर्वनाम किसे कहते हैं? उनके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।

या

(b) काल की दृष्टि से क्रिया के भेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

15. (a) भूतकाल के कितने भेद हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

या

(b) संज्ञा किसे कहते हैं? उनके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।

**Part C** $(3 \times 10 = 30)$

किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

उत्तर विस्तार से हो।

16. कथाकार प्रेमचन्द पाठ का सारांश लिखिए।

17. नयी संस्कृति की ओर पाठ का सारांश लिखकर विशेषताएँ बताइए।

18. विशेषण की परिभाषा देकर उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए।

19. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

मानव-समाज का कौए से बड़ा घनिष्ठ संपर्क रहा है। कौए के संबन्ध में हमारे बीच तरह-तरह से उल्लेख है तथा इसके बारे में भाँति-भाँति की सही या ग़लत धारणएँ फैली हुई है। कहते है, जब कोई आनेवाला होता है या किसी की ख़बर मिलने को होती है, तो कौआ दरवाज़े पर आ-आकर बोलता है।

20. हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

For a long time there was not much demand for rubber. It was used for the tyres of carriage-wheels and on bicycles; but by the beginning of the Twentieth century, the motorcar had begun to take the place of the horse. All motorcar tyres have to be made of rubber and of the very best rubber. Rubber plantations were started in Malaya, Ceylon, Burma, India, Indo-China and Dutch Indies. The greater part of the industry is in the hands of the British.

---

| F–8726 |
|---|

| Sub. Code |
|---|
| 741H |

**U.G. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2023**

**Fourth Semester**

**Part I – Hindi**

**MODERN POETRY, GENERAL ESSAY, LETTER WRITING AND RAS CHAND ALANGAR**

**(CBCS – 2017 onwards)**

Time : 3 Hours Maximum : 75 Marks

**Part A** ($10 \times 2 = 20$)

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उत्तर संक्षेप में हो।

1. दधीचि ने किसके लिए अपना अस्थिजाल दिया?

2. 'दिनकर' के अनुसार विपत्ति किसको दहलाती है?

3. सुभद्राकुमारी चौहान अपने 'निश्चित मार्ग' पर कैसे अड़ी हैं?

4. पंछी के अरमान कैसे थे?

5. पीले पत्तों ने अपने को कैसे पाला था?

6. श्रृंगार रस को उदाहरण सहित समझाइए।

7. दोहा छंद का लक्षण उदाहरण सहित समझाइए।

8. भय रस को उदाहरण सहित समझाइए।

9. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं? एक उदाहरण दीजिए।

10. अनुप्रास अलंकार का लक्षण बताकर एक उदाहरण दीजिए

**Part B** (5 × 5 = 25)

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

11. (a) हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही की जो जिया न आपके लिए।

या

(b) बत्ती जो नहीं जलाता है,
रोशनी नहीं वह पाता है।

12. (a) आओ चलो, कहाँ जाओगे
मुझे अकेली छोड़, सखे।
बँधे हुए हो हृदय-पाश में
नहीं सकोगे तोड़, सखे!

या

(b) हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक-कटोरी की मैदा से।

13. (a) सृजनातुर डालियों पर
फूट रहे कोंपल
अरुण अरुण अंकुर
हँस दिये!

या

(b) मेहंदी में जैसे लाली हो

वर्तिका बीच उजियाली हो।

पत्र लेखन :

14. (a) अपनी बहन की शादी में भाग लेने के लिए तीन दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्राध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

या

(b) अपने महाविद्यालय में एक लिपिक का पद खाली है। इसके लिए अपनी योग्यताएँ बताते हुए उस पद हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

15. (a) 'सोरठा' छंद का लक्षण बताकर एक उदाहरण दीजिए।

या

(b) चौपाई छंद का लक्षण बताकर एक उदाहरण दीजिए।

## Part C (3 × 10 = 30)

किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

उत्तर विस्तार से हो।

16. 'मनुष्यता' कविता का सारांश लिखिए।

17. अपने पाठ्यक्रम के कुछ किताबों का आदेश देते हुए वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली–2 के नाम पर एक पत्र लिखिए।

18. 'विद्यार्थी जीवन' इस विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

19. 'परोपकार' इस विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

20. 'काँटों में राह बनाते हैं' इस विषय पर दिनकर जी क्या कहना चाहते हैं?